




नवभारत 04
इंदौर, रविवार, 2 नवंबर 2025


# गौरव गाथा, विकास कार्यों और योजनाओं की दी जानकारी

## मध्य प्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस पर स्कूल, कॉलेज सहित विभिन्न संस्थानों पर कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**शाजापुर, 1 नवंबर. मध्य प्रदेश का 70 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस दौरान प्रदेश के गौरवशाली इतिहास को बताया गया तो विकसित हो रहे प्रदेश के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारियां दी गई. इस दौरान स्कूल व कॉलेजों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तो वहां प्रदर्शनियां भी लगाई गई.**

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 में मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया. यहां पर प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में हमारा प्रदेश सतत् विकास और प्रगति के नए आयामों को स्पर्श कर रहा है. साथ ही उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि आईए हम सब मिलकर मध्यप्रदेश को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए, प्रदेश के विकास और प्रगति में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें. मंत्री श्री परमार ने कहा कि वैभवशाली मध्यप्रदेश का 70वां स्थापना दिवस, हम सभी प्रदेशवासियों के लिए गौरव की अनुभूति का क्षण है.



### सभी को पर्याप्त मात्रा में पानी पानी मिलने लगेगा...

विधायक अरूण भीमावद ने संबोधित करते हुए सभी को 70वे मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी. विधायक श्री भीमावद ने कहा कि मध्यप्रदेश आज उद्योग, सिंचाई, रोजगार आदि क्षेत्रों में निरंतर विकास कर रहा है. उन्होंने बताया कि वर्तमान में मध्यप्रदेश का सिंचाई का क्षेत्रफल 60 लाख हेक्टेयर है जो 2026 तक 90 .100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे सभी को पर्याप्त मात्रा में पानी मिलने लगेगा. साथ ही उन्होंने शाजापुर जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी. इस दौरान विधायक श्री भीमावद ने दक्षिण अफ्रीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशंस की टीम एवं वन विभाग की टीम द्वारा हेलीकॉप्टर और बोमा से कृष्णमृगों को पकड़ने के अभियान की जानकारी देते हुए इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए कहा.



#### लीड कॉलेज में आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन अभ्युदय मध्य प्रदेश थीम पर आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक मध्य प्रदेश गान के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.वीपी मीणा की अध्यक्षता में हुआ. इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.प्रकाश बर्फा ने मध्य प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस की थीम अभ्युदय मध्य प्रदेश, मध्य प्रदेश के वैभवशाली अतीत, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत व विकसित मध्य प्रदेश पर प्रकाश डाला. भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. बीएल मालवीय ने बताया कि मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अंतर्गत 1 से 3 नवंबर तक महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें आज अभ्युदय मध्य प्रदेश पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें याशिका भावसार ने प्रथम, हंसा गोयल ने द्वितीय व सलोनी चंदेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रकाश बर्फा ने किया व आभार डॉ. शिवराज सिंह राठौड़ ने माना. कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहित रासेयो के स्वयं सेवक व महाविद्यालयीन विद्यार्थी उपस्थित रहे.



#### मोहन बड़ोदिया में कार्यक्रम का आयोजन

आर्यावर्त शासकीय महाविद्यालय मोहन बड़ोदिया में दिनांक 1 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मध्यप्रदेश गान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.राजकुमार सूत्रकार ने किया एवं मध्यप्रदेश के इतिहास के संबंध में जानकारी प्रदान की. महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज लश्करी ने मध्यप्रदेश की गौरव गाथा के संबंध में व्याख्यान दिया एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. दीपा वाडिया ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश की सामाजिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों के संबंध में अवगत करवाया. कार्यक्रम में महाविद्यालय से श्रीमती सौम्या सिंह तोमर, गोपाल सिंह वर्मा, अभय भोसले सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.



### प्रदर्शनी का किया अवलोकन...

इस दौरान अतिथियों ने जिला उद्योग केन्द्र, कृषि, कृषि विज्ञान केन्द्र, उद्यानिकी, जिला परियोजना प्रबंधक मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत शाजापुर, एनआरएलएम, नगरपालिका, एनयूएलएम आदि विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया. इस अवसर पर इटरनल स्कूल, मां उमिया, सांदीपनि एवं उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी गई. इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम चन्द्रवंशी, डॉ. रवि पाण्डे, अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अंकिता पाटकर एवं सुश्री नेहा गंगारे सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थीगण आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती रेखा पुरोहित ने किया.

## एक नजर में

### बुजुर्ग को रौंदता हुआ निकल गया कार चालक, मौत

**शाजापुर, 1 नवंबर.** जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर उज्जैन जिले के तराना थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी के पास शनिवार दोपहर करीब 2 बजे एक सड़क हादसा हो गया. शाजापुर से मक्सी की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी. इस हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई. यह घटना एकता होटल के पास हुई, बंजारी निवासी उदाजी गुर्जर अपने खेत पर जाने के लिए सड़क किनारे खड़े थे. तभी तेज गति से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी. हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया. सूचना मिलने पर तराना थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की. इधर बुजुर्ग को एंबुलेंस की मदद से शाजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्अर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के शवगृह में रखा गया है. तराना थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने बताया कि पुलिस ने कार चालक और उसके साथियों की तलाश शुरू कर दी है, इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है.

### उपकरणों को व्यवस्थित व तैयार में रखने के दिए निर्देश

**शाजापुर, 1 नवंबर.** मुख्यालय होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन मप्र के रोस्टर अनुसार कार्यालय प्रमुख की हैसियत से गुरूवार व शुक्रवार तक कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट विक्रम सिंह द्वारा किया गया. प्रथम दिवस कार्यालय अभिलेखों का निरीक्षण कर कार्यालय की व्यवस्था चेक की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए. द्वितीय दिवस होमगार्डस् लाईन में जवानों की परेड, किट निरीक्षण तथा सम्मेलन आयोजित किया गया. परेड पर कुल 103 जवान उपस्थित थे, जिन्हें चार टोलियों में बांटा गया. परेड का नेतृत्व श्रीमती नम्रता सरावत प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड तथा टूआईसी श्रीमती कविता सोलंकी प्लाटून कमाण्डर द्वारा किया गया. प्रथम टोली के कमाण्डर राधेश्याम, द्वितीय टोली के कमाण्डर नायक दिनेशचन्द्र वर्मा, तृतीय टोली के कमाण्डर सैनिक चन्दर सिंह एवं चतुर्थ टोली के कमाण्डर सैनिक प्रेमसिंह थे. परेड की सलामी के बाद विक्रम सिंह डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट द्वारा प्लाटून में लगे जवानों का टर्नआउट चैक कर अच्छे टर्नआउट वाले जवानों को ईनाम भी दिया. परेड के पश्चात जवानों के किट निरीक्षण की कार्यवाही की गई, जिसमें अच्छे एवं उत्कृष्ट किट वाले जवानों को पुरूस्कृत किया गया. किट निरीक्षण के पश्चात आपदा प्रबंधन उपकरणों की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया तथा उपकरणों के संबंध में एसडीईआरएफ जवानों से जानकारी प्राप्त की एवं उपकरणों को व्यवस्थित एवं तैयार अवस्था में रखने हेतु निर्देशित किया गया. तत्पश्चात जवानों का सम्मेलन, दरबार, आयोजित कर जवानों की समस्या को सुना गया तथा आवश्यक निराकरण किया गया. साथ ही मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों से भी अवगत कराया गया. आगामी माह में संभागीय सेनानी के निरीक्षण होना सुनिश्चित होने से जवानों को अच्छी तैयारी रखने के लिए निर्देशित किया गया. साथ ही मप्र स्थापना दिवस की अग्रिम शुभकामना समस्त होमगार्ड जवानों को दी गई. वार्षिक कार्यालय निरीक्षण परेड पर कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी एवं जवान उपस्थित रहे.

### राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई

**शुजालपुर, 1 नवंबर.** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शा. उ. मा. वि. मोहम्मद खेडा मे सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के अवसर पर एकता दिवस पर सामूहिक राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई, एकता दिवस पर रस्सा कस्सी व दौड का आयोजन किया गया. इस अवसर पर संस्था के संतोष पाठक, स्काउट मास्टर विक्रम सिंह कुशवाह मनोहर सूर्यवंशी, जुनेद कादरी, घनश्याम दांगी, कपिल परमार, खेल युवक कल्याण प्रभारी हुकम सिंह परमार, ममता चौधरी, सीमा मालवीय, जय प्रकाश इंदौलिया, हरिओम पाटीदार, ब्रह्म लाल मालवीय, विवेक शर्मा, प्रेम पांचाल, देवीलाल गुजरती, जसवंत सिंह डोडिया, स्पोर्ट्स शिक्षक जितेंद्र आर्य उपस्थित रहे.

### निक्षय मित्र बन कुल 20 क्षय रोगियों को पोषण आहार वितरित किया

**शुजालपुर, 1 नवंबर.** जिले को क्षय रोग मुक्त करने व प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत के अभियान को सफल बनाने के लिए सतनाम मैरिज गार्डन विकासखंड शुजालपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.कमला आर्य एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ.केशव प्रताप सिंह के निर्देशानुसार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.शारदा रामसरिया के मार्गदर्शन में क्षय मरीजों के लिए पोषण आहार वितरण कार्यक्रम रखा गया. सरदार वल्लभभाई पटेल सामाजिक संगठन शुजालपुर पाटीदार समाज ने निक्षय मित्र बन कुल 20 क्षय रोगियों को पोषण आहार वितरित किया. वितरण कार्यक्रम के दौरान पूर्व न्यास अध्यक्ष पाटीदार समाज ओमप्रकाश पाटीदार, तहसील अध्यक्ष चंद्र प्रकाश नायक, डॉ. एसएन नगीना, शिवचरण मंगलावत, मांगीलाल लेवे, किशोर पाटीदार सियाराम पाटीदार, डॉ.भूपेंद्र परमार उपस्थित रहे.

### अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाया

**मोहन बड़ोदिया, 1 नवंबर.** शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया बिजली वितरण केंद्र के नागझिरी गांव के 33/11 केवी ग्रिड पर अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शनिवार को बिजली कंपनी द्वारा किया गया. इस कार्य से हजारों ग्रामीण उपभोक्ताओं को पहले से ज्यादा गुणवत्ता से बिजली मिलेगी, मोहन बड़ोदिया कनिष्ठ यंत्री राहुल गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले जो ओवरलोड होता था, जिससे ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती थी, अब 3.15 एमवीए का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिससे हजारों ग्रामीण उपभोक्ताओं को पहले से ज्यादा गुणवत्ता से बिजली मिलेगी.

### सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम आयोजित कर दी विदाई

**शाजापुर, 1 नवंबर.** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य प्रवीण कुमार मंडलोई 38 वर्ष 10 माह की सेवा देने के पश्चात का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया. जिसके अंतर्गत प्रात: 8 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना शाजापुर विधायक अरुण भीमावद द्वारा उनका सम्मान स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल देकर किया गया. सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय देवास के प्राचार्य सुधीर सोमानी, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे, एडवोकेट अर्जुन सिंह हाड़ा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके अवस्थी, राघवेंद्र मंडलोई, श्याम रावत, श्रीमती शोभा रावत सहित श्री मंडलोई के परिवारजन तथा ग्राम पंचायत लाहौरी सरपंच महेश मंडलोई एवं आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहे. बताया गया कि प्रवीण कुमार मण्डलोई की प्रथम नियुक्ति 5 जनवरी 1987 उच्च श्रेणी शिक्षक के रूप में हुई और प्रभारी प्रधानाध्यापक कमावि मीरकला शाजापुर, प्रभारी प्राचार्य शाउमावि रंथभवर के रूप में सेवा दी. इसके साथ ही उन्होंने विकास खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में मो. बडोदिया में 5 वर्ष, विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाजापुर में एक वर्ष तक कार्य किया. शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ उन्होंने जिला विज्ञान प्रभारी, सचिव जिला रेडक्रॉस समिति, प्राचार्य हाई स्कूल मेवासा रहे. बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केंद्र अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के रूप में तीन वर्ष तक कार्य किया.

# जिले में अब तक 501 कृष्णमृग एवं 67 नीलगायों को पकड़ा

**शाजापुर, 1 नवंबर. जिले में अब तक अब तक 501 कृष्णमृग एवं 67 नीलगाय को पकड़ा जा चुका है. यह कार्य दक्षिण अफ्रीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशंस की टीम एवं वन विभाग की टीम द्वारा हेलीकॉप्टर और बोमा पद्धत्ति से कृष्णमृगों को पकड़ने का पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत किया जा रहा है. मुख्यमंत्री के निर्देशों के परिपालन में कृष्ण मृग एवं रोजड़ों के द्वारा खेतों को नुकसान पहुंचाने की समस्या के निदान के लिए यह कार्य किया जा रहा है.**

शनिवार को शाजापुर जिले की शाजापुर तहसील के लाहौरी बड़ला गांव में बोमा लगाया गया. विभिन्न गांवो से 08 रोझड़ो नीलगाय को किसानों के खेतों से पकड़कर अन्यत्र संरक्षित क्षेत्रों राष्ट्रीय उद्यान के जंगलो में छोड़ा जा रहा है. अभी तक 501 कृष्णमृग एवं 67 नीलगाय को पकड़कर अन्यत्र संरक्षित क्षेत्रों, राष्ट्रीय उद्यान के जंगलो में छोड़ा जा चुका है. इससे किसानों को होने वाले फसल नुकसान में कमी आएगी और कृषकों की समस्याओं का निदान होगा. इस तरह का देश में ये प्रथम अभियान है. आज इस अभियान में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव एल कृष्णमूर्ति, मुख्य वन संरक्षक उज्जैन एम आर बघेल के द्वारा बोमा क्षेत्र में उपस्थित रहकर नीलगाय को पकड़ने की कार्यवाही का निगरानी एवं अवलोकन किया गया.

#### ग्रामीण भी दे रहे अभियान में सहयोग

शनिवार की कार्यवाही में शाजापुर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने पूर्ण सहयोग दिया. शाजापुर जिले के ग्रामवासियों द्वारा भी इस अभियान में भरपूर सहयोग किया जा रहा है. इसके साथ ही आसपास के ग्रामवासियों से अपील है की आने वाले दिनों की कार्यवाही के दौरान खेतों में जब हेलीकॉप्टर द्वारा हांका लगाया जा रहा हो तो कृष्णमृग और नीलगाय के पीछे ना भागे. साथ ही साथ ग्रामवासियों से अपील है की जब अभियान चल रहा होगा तो आस पास के रास्तों में गाड़ियो में ना घूम.

### प्रशिक्षण के बाद प्रदेश का वन अमला चलाएगा अभियान

इस अभियान के तहत मध्य प्रदेश वन विभाग के द्वारा मैदानी अमले का एक समर्पित दल बनाया गया है. यह दल दक्षिण अफ्रीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशंस के दल के साथ प्रशिक्षित हो रहा है. दोपहर बाद कांजेर्वेशन सोल्यूशंस और वन विभाग मध्य प्रदेश की टीम द्वारा जिले के अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण करके बोमा लगाने की अगली जगह का निर्धारण किया गया. आगामी समय में वन विभाग मध्य प्रदेश का प्रशिक्षित दल कृष्णमृग और नीलगाय को पकड़ने का अभियान चलाएगा.

# पाटीदार समाज ने निकाली शोभायात्रा

## शहर में सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे के नारे गूंजे



**शुजालपुर, 1 नवंबर. लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती शुजालपुर में पाटीदार समाज ने उत्साह के साथ मनाई. शुक्रवार की सुबह संकट मोचन हनुमान मंदिर से समीप से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें लोह पुरुष वल्लभभाई पटेल की झांकी को आकर्षक रूप से सजाया गया.**

शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरी, शोभायात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया. शोभायात्रा में उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार भी शामिल हुए और उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल को देश की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहां की उन्होंने देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया, कई रियासतों में बटे देश को एकजुट करने में उनकी अहम भूमिका रही. विधायक कालापीपल घनश्याम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक जसवंत सिंह हाडा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व पाटीदार समाजजन, सरदार वल्लभभाई पटेल विद्यालय के छात्र मौजूद रहे, शोभायात्रा की अगवानी छात्रों के घोष दल ने की.

# शालिगराम बने दूल्हा, तुलसीजी बनी दुल्हन

**शाजापुर, 1 नवंबर. शनिवार को देव उठनी ग्यारस के अवसर पर शालिगरामजी व तुलसीजी के विवाह की रस्में की गई. कोई प्रभु की ओर से तो कोई मां तुलसी की ओर से आयोजन में शामिल हुए थे.**

शाम 7 बजे गोधुली बेला में प्रभु गोवर्धननाथ एवं तुलसी का विवाह मंत्रोच्चार से संपन्न कराया. प्रभु और तुलसी दोनों के परिजन घराती व बराती के रूप में विवाह समारोह में शामिल हुए. इसके बाद कन्यादान की रस्म अदा कर तुलसीजी को विदा किया गया.

#### रंगोली से सजे घर आंगन

शनिवर को एक बार फिर दीपावली पर्व का उल्लास शहर में देखने को मिला और इस दिन महिलाओं व युवतियों ने अपने घरों और आंगन में आकर्षक रंगोली बनाकर देवउठनी ग्यारस का पर्व मनाया तो शाम को शहर में आतिशबाजी भी देखने को मिली. वहीं रविवार को भी नगर में भगवान श्री कृष्ण ओर माता तुलसी का वैवाहिक आयोजन होगा. इस दिन नगर के मंदिरों में आकर्षक आयोजन होंगेए जिसकी तैयारियां की जा रही हैं.



## एक नजर में

## नगर में निभाई गई 272 वर्ष पुरानी परंपरा ऐतिहासिक कंस वधोत्सव का आयोजन

# श्री कृष्ण के पैरों से निकले कंस के प्राण, ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बने हजारों नगरवासी

**शाजापुर, 1 नवंबर. नगर की सड़कों पर तलवारें लिए राक्षसों की सेना गुजर रही थी. पीछे-पीछे ग्वालों की टोली के साथ कान्हा जी भी मुरली की धुन पर नगरवासियों को मंत्रमुग्ध करते हुए निकले. इस दृश्य को देखने के लिए लोग घंटों खड़े रहे. इसके बाद आजाद चौक में श्री कृष्ण और कंस का युद्ध हुआ. जहां श्री कृष्ण ने कंस की छाती पर पैर रखकर उसका अंत किया. इसके बाद पूरा नगर आधी रात को जय कन्हैयालाल की के जयकारे से गूंज उठा.**





यह नजारा था शुक्रवार को नगर का, जहां 272 वर्षों से चली आ रही परंपरा को निभाया गया. जिसे देखने और इस अद्भुत परंपरा के साक्षी बनने नगर ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से भी लोग रात 12 बजे तक डटे रहे. इसके पूर्व रात करीब 9 बजे बालवीर हनुमान मंदिर से देव और दानवों का रूप धरे कलाकारों का चल समारोह निकाला गया. पूरे रास्ते राक्षस बने कलकार अट्टाहास करते हुए अपने-अपने रथ पर सवार थे. वहीं भगवान श्रीकृष्ण, बलराम, धनसुख, मनसुखा बने कलाकार अपनी मुस्कुराहट से लोगों का मन मोह रहे थे. इस बार भी कंस वधोत्सव पर नगर में दो स्थानों पर देव दानवों के बीच वाक्युद्ध हुआ. इसमें आजाद चौक और सोमवारिया बाजार शामिल है. बालवीर मंदिर से शुरू हुआ चल समारोह सोमवारिया बाजार, मगरिया, बस स्टैंड, नई सडक़, आजाद चौक होते हुए कंस चौराहा पर पहुंचा. कंस वधोत्सव समिति संयोजक तुलसीराम भावसार, समिति के रामचंद्र भावसार मुन्ना, संजय शर्मा, राजू शितूत, अजय उदासी, शिवाजी सोनी, अनिल मालवीय, बंटी भावसार, यशवंत भावसार सहित अन्य ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया.

### रात 12 बजे हुआ कंस वध...

नगर में चल समारोह के पश्चात रात करीब 11.45 बजे कंस चौराहा पहुंचे गवली समाजजनों का कंस वधोत्सव समिति द्वारा स्वागत किया गया. इसके बाद श्रीकृष्ण और बलराम बने कलाकार ने कंस के पुतले का पूजन कर मंच से नीचे पटक दिया. जिसे गवली समाज के लोग लाठी, डंडे से पीटते हुए अपने साथ ले गए. कार्यक्रम के पहले रात को पुलिस ने कंस चौराहा पहुंचकर और समिति संयोजक सहित अन्य से पूरे कार्यक्रम की जानकारी ली.

#### शाजापुर और खोरियाएमा के कलाकारों ने किया अभिनय

कंस वधोत्सव के आयोजन में शाजापुर और ग्राम खोरियाएमा की श्री आदर्श दुर्गा नाट्य कला मंडल के कलाकारों ने सम्मिलित होकर अभिनय किया. इसमें शाजापुर से कृष्ण की भूमिका में ऋषभ भट्ट, बलराम की भूमिका में राजकुमार पांडे, धनसुखा की भूमिका में कुश सोनी रहे. इसी तरह ग्राम खोरियाएमा से आई कलाकारों की मंडली में कृष्ण की भूमिका राजकुमार पाटीदार ने और बलराम की भूमिका नवीन पाटीदार ने निभाई. दानवों में भी शाजापुर और खोरियाएमा के कलाकार सम्मिलित हुए. इसमें शाजापुर के कलाकारों में दानव की भूमिका विशाल देवतवाल, अभिषेक देवतवाल और नवीन वशिष्ठ ने निभाई. ग्राम खोरियाएमा से आई मंडली में राक्षसों के रूप में कंस की भूमिका शांतिलाल जैन, मुस्टिक के रूप में महेश पाटीदार, चाणुर की भूमिका बजरंग पाटीदार, मंत्री के रूप में दुर्गेश पाटीदार, सेनापति के रूप में अनोखीलाल पाराशर, पंकज पाटीदार ने अभिनय किया.

### आजाद चौक में हुआ नाटक का मंचन...

नगर में इस बार कंस वधोत्सव कार्यक्रम में जिले के ग्राम खोरियाएमा के नाट्यमंच के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुती देते हुए आजाद चौक में नाटक का मंचन किया. आजाद चौक में देव और दानवों के बीच नाटक एवं वाक्युद्ध के लिए अलग से मंच तैयार किया गया था. इस मंच पर एक-एक करके राक्षस बने कलाकारों ने अपने शब्दबाण श्रीकृष्णए बलराम और उनके सखाओं पर चलाएं. इस पर श्रीकृष्ण .बलराम और उनके सखा बने कलाकारों ने अपने शब्दबाणों से राक्षसों को एक-एक करके परास्त किया. अंत में श्रीकृष्ण ने कंस बने राक्षस की छाती पर पैर रखकर उसका सांकेतिक वध किया. इसके बाद यहां पर नाटक का समापन कर सभी देव और दानव पैदल चलकर सोमवारिया बाजार पहुंचे, यहां पर फिर से देव और दानवों के बीच वाक्युद्ध हुआ.